# विद्यालयों में प्रवेश उत्सव शुरू

## राजस्व अधिकारी विद्यालयों का करें निरीक्षण, मूलभूत सुविधाओं को कराएं सुनिश्चित

**सागर, देशबन्धु ।** मध्यप्रदेश सहित सागर में आज से विद्यालयों में प्रवेश उत्सव शुरू हुआ जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखा गया। विद्यालयों में तिलक लगाकर विद्यार्थियों का स्वागत किया गया एवं उनको नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया। कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले के समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षा अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं या नहीं इसकी मॉनीटरिंग सभी एसडीएम, तहसीलदार विद्यालय जाकर करें।

उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जा चुका है या नहीं। विद्यालय में किसी भी प्रकार की अतिरिक्त पुस्तकों का स्टॉक नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालय, आंगनवाड़ी केन्द्रों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एंव जलजीवन मिशन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है कि नहीं इसी प्रकार विद्युत व्यवस्था की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाए।


उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विद्यालय समय पर संचालित हों और समय पर बंद हों यह भी सुनिश्चित किया जावे, विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों की ई-केवायसी, अपार आईडी, आधार अपग्रेडेशन एवं बैंक खाता अपग्रेड साथ ही सभी विद्यार्थियों की मैपिंग की जानकारी लेकर उसको पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में पौधा रोपड़ भी आवश्यकरूप से किया जाए।

## स्कूल के पहले दिन, कहीं खिचड़ी बटी तो कहीं दाल रोटी



**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** जनपद शिक्षक केंद्र में शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है पहले दिन स्कूलों में छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया और शासकीय माध्यमिक शाला बिलावरकला में 87 छात्र-छात्राओं की संख्या दर्ज है पहले दिन 8 छात्र-छात्राएं अध्ययन के लिए उपस्थित हुए जिसमें मध्यान भोजन में मीनू के अनुसार से खाना नहीं दिया गया ।

खाने में खिचड़ी खिलाया गया जबकि मीनू के अनुसार सोमवार रोटी तुअर दाल या अरहर दाल और काबुली चना अथवा टमाटर की चटनी खिलाने का है और भी शालाओं में निरीक्षण किया गया तो कहीं पर दाल रोटी मध्यान भोजन में परोसा गया ।



उमरडी माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला में निरीक्षण किया गया जिसमें 13छात्र-छात्राएं उपस्थित हुई प्राथमिक शाला चिखल मऊ में 13 छात्र छात्राएं उपस्थित हुए और 53 की संख्या दर्ज है नगरी क्षेत्र जुन्नारदेव के जगमोहन दास स्कूल वार्ड नंबर 1 में एक भी छात्र-छात्राएं उपस्थित नहीं हुए ।

# झोलाछाप डॉक्टरों के हिमायती बन गए हैं बीएमओ, की शिकायत

**सौसर, देशबन्धु।** विगत कई महीनों से सौसर तहसील समेत आस पास के क्षेत्र में कुकुरमुत्ते की तरह बैठे झोलाछाप की शिकायत की गयी थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सौसर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निष्पक्ष जांच करने के निर्देश सौसर बीएमओ को दिये गए थे, किन्तु सौसर बीएमओ द्वारा अनुविभागीय अधिकारी के निर्देश को नजर अंदाज कर जांच सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने के उपरांत की गयी थी।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सौसर बीएमओ द्वारा झोलाछाप को जांच के संबंध में पहले ही अवगत करा दिया गया था की झोलाछाप को पहले ही सतर्क कर देने से एवं झोलाछाप द्वारा अपने गोदाम में भरी सारी दवाईयों को ठिकाने पर लगा दिया गया।

इससे बीएमओ की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे है। क्षेत्र के कुछ सामाजिक कार्यकर्त्ताओ का कहना है की इसके बाद सौसर बीएमओ की भी शिकायत कलेक्टर से की जायेगी।

**बीएमओ सेट इसीलिए नहीं हुई बड़ी**

## जांच के पहले दे दी सूचना

**रेड** - क्षेत्र मे चर्चा का विषय ये भी है की झोलाछाप के विषय को लेकर क्या बीएमओ सेट हो गया है जिसके कारण उनके द्वारा कोई बड़ी रेड नहीं हो पायी है.इससे बीएमओ के कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे है।

**कितने निजी क्लिनिको का है पंजीयन बना चर्चा का विषय** - क्षेत्र मे झोलाछाप का मुद्दा बड़े ही चर्चाओ मे रहा है सौसर समेत आस पास के क्षेत्र में झोलाछाप, नीम, हकीम का बोल बाला है बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है।

डॉक्टर एनके शास्त्री का कहना है की जीतने भी क्लिनिक है उनका जिलाध सीएमएचओ कार्यालय मे पंजीयन होना अनिवार्य है उसके बाद ही कोई भी सर्टिफाइड डॉक्टर क्लिनिक खोल ईलाज कर सकता है।

वही दूसरी ओर क्षेत्र मे ऐसे कई झोलाछाप है जिनका पंजीयन नहीं होने के बावजूद धड़ल्ले से ईलाज करना जारी है।

## सार-समाचार

### नि: शुल्क आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित



**सौंसर, देशबन्धु।** म.प्र.शासन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वाधान में 14 जून 2025 को जिला आयुष अधिकारी डॉ प्रमिला यावतकर के निर्देशानुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिधोरा में नि: शुल्क आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस माह की थीम सामान्य मुख समस्याओं के लिए देखभाल पर डॉ.सोना नाग शिववेदी होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी द्वारा शिविर में उपस्थित सभी रोगियों एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि की स्क्रीनिंग व हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया एवं थीम अनुसार मुख की सामान्य जांच की गई।

नियमित दांतों और जीभ को साफ करने, धूम्रपान से बचने और स्वास्थ्य आहार लेने, पर्याप्त पानी पीने, तनाव कम करने हेतु योग आदि की सलाह दी गई, धूम्रपान से बचे क्योंकि धूम्रपान करने से मसूड़ों की बीमारी, मुंह के कैंसर, सांसों की दुर्गंध सहित कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता हैं । सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कर होम्योपैथी औषधियो का वितरण किया गया । शिविर में आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21जून के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें योग करने के लिए प्रेरित किया साथ ही योग प्राणायाम योग प्रशिक्षक द्वारा करवाया गया योग से होने वाले लाभ के बारे में लोगों को जानकारी दी गई।आज के शिविर में सरपंच श्रीमति प्राची कैचे,औषधालय स्टॉफ छाया मरकाम अशोक लवाले उपस्थित रहे एवं योग प्रशिक्षक लक्ष्मी देशमुख योग सहायक रामेश्वरी सनेश्वर का सहयोग रहा ।

### ठाकुर नवीन सिंह का निधन

**छपारा, देशबन्धु।** नगर के खैरमाई मंदिर के समीप स्थित आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर कि समिति बैनगंगा बाल कल्याण समिति छपारा के संस्थापक सदस्य एवं वर्तमान में कोषाध्यक्ष रहे ठाकुर नवीन सिंह का अस्वस्थता के चलते दिनांक 14 जून को स्वर्गवास हो गया था,जिसके चलते सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में तीन दिवसीय शोक घोषित किया गया है एवं सोमवार 16 जून को विद्यालय में विन्रम श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया जिसमें दोपहर 12 बजे विद्यालय सभागार में जुट कर इनको दो मिनट का मौन रख कर सभी उपस्थित जनों ने श्रद्धांजलि दी । जिसमें विद्यालय समिति से अध्यक्ष श्रीमती नीता पटेरिया,बाबूलाल अग्रवाल उपाध्यक्ष, सुनील दत्त पाठक व्यवस्थापक एवं सदस्य सोहन कश्यप, राजेंद्र तिवारी, आशा किरण तिवारी, जयकेश सिंह ठाकुर, शिवकांत सिंह ठाकुर, हेमंत श्रीवात्री, मुकेश मनमौजी, धर्मेन्द्र जैन, विवेक जैन, रामदयाल ठाकुर, हाशिम खान, मुकेश सुपलभक्त, निशांत राजपूत विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य योगेश कुमार शिव वेदी एवं नगर के गणमान्य नागरिक और समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित होकर विन्रम श्रद्धांजलि दी गई।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साह से भाग लिया संगठन सृजन कार्यक्रम में

**सिवनी, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी की मंशानुरूप, संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 9 जून से 15 जून तक जिले के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिस उत्साह और समर्पण से सहभागिता निभाई, उसके लिए वे सभी साधुवाद के पात्र हैं।

जिला कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना के हवाले से जिला कॉग्रेस प्रवक्ता जेपीएस तिवारी, राजिक अकील, ऐश्वर्य सुमित मिश्रा ने प्रेस को जारी अपनी संयुक्त विज्ञप्ति में कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि आप सभी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक, मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक त्रय, सोहनलाल बाल्मीक, महामंत्री, म.प्र. कांग्रेस कमेटी एवं विधायक, सौरभ सिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक एवं तरवर सिंह लोधी, पूर्व विधायक, के समक्ष उपस्थित होकर, जिले में कांग्रेस संगठन की यथार्थ स्थिति से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराने में जो महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वह अत्यंत सराहनीय है।

हमारे पर्यवेक्षकों ने भी अनेक बैठकों में जिले के संगठनात्मक ढांचे की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। इसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी, सिवनी आप सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करती है।

साथ ही पत्रकार साथियों एवं जिला एवं पुलिस प्रशासन का भी व्यवस्था में सहयोग के लिए आभार व्यक्त करती है । साथ ही, यह विनम्र निवेदन भी है कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया में हम सभी को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिए गए निर्णय का सम्मान करते हुए, एकजुटता और अनुशासन का परिचय देना चाहिए।

# गायब बालिका को 48 घंटे में तलाशा

## परिजनों को सौंपा

**धूमा , देशबन्धु।** थाना धूमा पुलिस ने लगातार अथक प्रयास कर अपहृता बालिका को 48 घण्टो के अंदर तलाश कर परिजनों को सौपा गया ।

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा नाबालिक बालक-बालिकाओ की दस्तयावी कार्यवाही करने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया था। आदेश के पालन में थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। इसी तारतम्य में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश स्तर पर भी नाबालिक बालक बालिकाओ की दस्तयावी हेतु विशेष अभियान चलाया गया था। जो पूरे प्रदेश की पुलिस द्वारा युध्द स्तर पर सक्रिय होकर कार्यवाही की गई थी ।

इसी तारतम्य में दिनांक 13.06.25 को थाना धूमा में प्रार्थी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि मै ग्राम बाबली थाना घूमा रहता हूं। खेती किसानी करता हूँ। मेरी छोटी लड़की दिनाँक आठ जून 2025 को बिना बताये कहीं चली गई।

फिर मैं अपने घर आया और परिवार के साथ लड़की की तलाश पतासाजी आस पडोस रिश्तेदारी में किया जो कोई पता नहीं चला। मुझे लगता है कि मेरी लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है। रिर्पोट करता हूँ।




कार्यवाही की जावें। रिपोर्ट पर थाना घूमा मे अपराध धारा 137(2) बी. एन एस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था।

मामले की गंभीरता को समझाते हुए थाना धूमा के द्वारा कार्यवाही कर दिनांक 15.06.2025 को अपहृता का लोकेशन प्राप्त होने पर सूचना पर पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के आदेशानुसार श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक सिवनी जी डी शर्मा के निर्देशन में तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्ग दर्शन में बिना देर किये लोकेशन पर जाकर अपहृता (गुमशुदा) को समक्ष गवाहों के दस्तयाब किया गया एवं गुमशुदा/ अपहृता बालिका से उसके परिजनो के समक्ष पूछताछ कर बालिका को सुरक्षित उसके परिजन को सुपुर्दनामा मे सौपा गया है। गुमशुदा अपहृता बालिका एवं उसके परिजनो के कथन न्यायालय में कराये जा रहे है पुलिस कार्यवाही जारी है।

थाना प्रभारी उपनिरी शत्रुघन पटले, सउनि कन्हैयालाल धुर्वे, आर. 489 अरूण पटेल, म.आर. 767 साक्षी बघेल, आर. 109 जितेन्द्र सोनी, एवं साईबर सेल सिवनी के सउनि देवेन्द्र जायसवाल एवं आर. विनय का विशेष योगदान रहा ।

# महाकौशल राज्य की राजधानी बने जबलपुर



## महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी ने ज्ञापन सौंपा

**छपारा, देशबन्धु।** लखनादौन ब्लॉक इकाई महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम एसडीएम महोदय लखनादौन एवं एसडीओपी महोदय को ज्ञापन सौंपा गया ।

ज्ञापन के समय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सतीश नाग, प्रदेश महामंत्री ठाकुर मुखराम सिंह, सिवनी जिला के जिला अध्यक्ष दीनदयाल नाग, सुकई लाल उईके पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं ब्लाक अध्यक्ष लखनादौन, उपस्थित थे।

ज्ञापन में कहा गया है कि पृथक महाकौशल राज्य बनाया जावे, जिसकी राजधानी जबलपुर बनाई जाए।

शिक्षित बेरोजगारों के पास वर्तमान में कोई रोजगार नहीं है अत: ग्राम पंचायत स्तर एवं नगरों में वार्ड स्तर पर रोजगार केंद्र खोला जाए।

आवारा पशु यहां वहां घूमते हैं पशु मालिकों को तत्काल सुचित कर पशु मालिकों को अपनी निगरानी में रखने हेतु निर्देशित किया जाए। स्वच्छ पेयजल सप्लाई संपूर्ण लखनादौन क्षेत्र में तत्काल किया जाए।

लखनादौन विकासखंड की अनेकों ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले गांव में वन अधिकार पट्टे प्रदान किया जाये।

महाकौशल राष्ट्रीय पार्टियों निम्न मांगों को लेकर आगामी समय में महामहिम राजपाल के नाम संपूर्ण मध्य प्रदेश के कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन सौंपेंगे।

कार्यक्रम में राकेश राय सिवनी भवानी शंकर इनवाती, प्रीतम सिंह पंद्रे ,सेवक सिंह इनवाती एवं अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 17 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ कृष्ण पक्ष की षष्ठी, नक्षत्र-शतभिषा।**

मेष - आप सामाजिक काम में उपस्थित होंगे। मित्रों तथा स्नेहियों के साथ बहुत आनंद मना सकेंगे। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा और उनके पास से लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। आप कहीं घूमने जाने की योजना बना सकते हैं।

वृषभ - जो लोग नए काम की शुरुआत करना चाहते हैं या उसकी योजना बनाना चाहते हैं, उनके लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप नौकरी या व्यवसाय में लाभदायक परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। पदोन्नति होगी।

मिथुन - प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा। (578-115)

कर्क - मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ बखेड़ा खड़ा होगा। नए संबंध तकलीफदायक साबित होंगे।

सिंह - पति-पत्नी के बीच मामूली कारणों से विवाद उत्पन्न होने से मनमुटाव होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सांसारिक विषयों के बारे में उदासीन रहेंगे। सार्वजनिक जीवन में अपयश या स्वाभिमान भंग होने का योग है।

कन्या - आज आपके लिए दिन शुभ है। घर में सुख-शांति का वातावरण छाया रहेगा। मन भी प्रसन्न रहेगा। सुख के प्रसंग बनेंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमारी से पीड़ित व्यक्ति की परिस्थिति में सुधार आएगा।

तुला - आज आप का दिन सुखपूर्वक गुजरेगा। बौद्धिक चर्चाओं में दिन गुजरने की संभावना है। आज कल्पनाशक्ति से कोई बड़ा काम आसानी से कर पाएंगे। संतान से शुभ समाचार मिलेंगे।

वृश्चिक - आज का दिन शांतिपूर्ण रूप से व्यतीत करें, क्योंकि किसी बात को लेकर मन चिंताग्रस्त रहेगा। कुटुंब या परिवार में किसी से वाद-विवाद हो सकता है। स्वास्थ्य के विषय में चिंता रहेगी। धनहानि एवं यशहानि हो सकती है।

धनु - आज आप ज्योतिष और आध्यात्मिक बातों में खूब रुचि लेंगे। भाई-बहनों के साथ आप का व्यवहार अच्छा रहेगा। नए काम की शुरुआत के लिए समय अच्छा है। मित्रों एवं स्नेहीजनों से मुलाकात होगी।

मकर - आज आप शेयर मार्केट में आज अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। किसी बड़े निवेश में भी आपकी रुचि रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होगा। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है।

कुंभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। शारीरिक तथा मानसिक रूप से आप प्रसन्न रहेंगे। भौतिक तथा आध्यात्मिक दृष्टि से आपको अच्छा अनुभव होगा। परिजनों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

मीन - आज मानसिक व्याकुलता अधिक रहेगी और एकाग्र नहीं रह पाएंगे। धार्मिक कामों में धन खर्च हो सकता है। पूंजी निवेश में आज विशिष्ट ध्यान रखने की जरूरत है। (169-356)

3,8,4,9-37,89,41,95,25,78,17,44

# कैरियर गाइडेंस और मोटिवेशन पर सेमिनार

**लोधीखेड़ा, देशबन्धु।** सही समय पर मिला उचित मार्गदर्शन भविष्य निर्माण मे कारगर सिद्ध होता है, ऐसा ही कदम लोधीखेड़ा नगर मे संचालित निजी कोचिंग संस्थान खोडनकार क्लासेस के द्वारा आयोजित कैरियर गाइडेन्स और मोटिवेशन पर आयोजित सेमिनार मे उठाया गया।

सेमीनार की शुरुआत श्री साई बाबा की पूजा अर्चना और गायत्री मंत्रो के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप मे गायकवाड़ सिविल सर्विसेज़ ट्यूटोरियल्स के प्रमुख एडवोकेट मधुकर गायकवाड़, मीडिया संगठन के सदस्य भीमसेन धन्तोले और संस्था प्रमुख हरिश खोडनकर आदि उपस्थित थे। भीमसेन धन्तोले ने गायकवाड़ सर का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

सैकड़ो बच्चो की उपस्थिति मे यूथ मोटीवेटर एडवोकेट मधुकर गायकवाड़ ने 12 वी के बाद भविष्य निर्माण के आधार क्या हो और कैसे जीवन का लक्ष्य तय करें। इस पर बच्चो को विस्तार से बताया और बच्चों को प्रोत्साहित किया।



अपने सम्बोधन में मधुकर गायकवाड़ ने सभी बच्चो से विशेष रूप से कहा की जिस कार्य क्षेत्र मे बेहतर कर सकते और जिस काम मे आपका मन लगे और जिसे करने मे आप आनंद की अनुभूति महसूस करे उसे अपने जीवन का लक्ष्य तय करे। उन्होंने आगे कहा की जीवन विविधताओ से भरा पड़ा है। जहा आप खुद को सर्वोच्चता प्रदान कर सकते है। कार्यक्रम के दौरान गुरुदेव श्र राम शर्मा का सदसाहित्य देकर बच्चो को सम्मानित किया।

कई बच्चो ने अपने माता-पिता के जीवन मूल्यो को व्यक्त कर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का समापन अहमदाबाद की घटना के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि देकर राष्ट्र गान के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राची और सुरभि के द्वारा किया गया और हरिश खोढ नकर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# डुंगरिया चौकी में फलदार पौधों का रोपण

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत छायादार, औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण डुगरिया चौकी किया गया। डूंगरिया चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अंजना मरावी के द्वारा बताया गया कि एक पेड़ माँ के नाम एक अभियान है जो मातृभूमि और प्रकृति के प्रति सम्मान और समर्पण को दर्शाता है।

इसका उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना है, जो पर्यावरण की रक्षा करेगा और एक समृध्द भविष्य में योगदान देगा। यह एक स्थायी स्मृति बनाने का प्रयास है, जो मां और प्रकृति दोनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।

यह अभियान एक पेड़ माँ के नाम न केवल एक पेड़ लगाने का कार्य है, बल्कि यह एक गहरा भावनात्मक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है। वृक्षारोपण में आम नारियल बास आदि के पेड़ लगाए गए साथ ही ईट से पौधारोपण के चारों तरफ ट्रिगार्ड बनाया गया।



इस अवसर पर पौधारोपण में प्रधान आरक्षक विजय बघेल आरक्षक कमलेश कृष्णा और समस्त स्टाफ द्वारा स्वयं ट्री गार्ड बनकर पौधों की रक्षा कवच बनाया गया।